प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 13.08.2025

मुख्य समाचारः—

- केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को यूरिया और डीएपी खाद के पचास—पचास हजार मीटरिक टन अतिरिक्त आबंटन को मंजूरी दी।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्य में निकाली जा रही है रैलियां—मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।
- इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी रायपुर में होने वाले मुख्य समारोह में दिव्यांग बाल कलाकार भी देंगे अपनी प्रस्तुति।
- भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के लिए प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की।

यूरिया/डीएपी खाद—मंजूरी

केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को यूरिया और डीएपी खाद के पचास—पचास हजार मीटरिक टन अतिरिक्त आबंटन को मंजूरी दी है। कल नई दिल्ली में राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सांसदों ने केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर खाद के अतिरिक्त आबंटन के लिए अनुरोध किया था।

इस आबंटन को मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय उर्वरक मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

हर घर तिरंगा

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दो से पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में इस अभियान को लेकर अनेक आयोजन हो रहे हैं। रायपुर सहित विभिन्न स्थानों में रैलियां भी निकाली जा रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर स्थित अपने आवास पर तिरंगा लगाकर इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाई।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी आज नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास पर तिरंगा लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश का ध्वज नहीं, बल्कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की एकता, अदम्य साहस और अमर बलिदान का प्रतीक है।

इस बीच, बालोद जिले के बघमरा गांव में स्व—सहायता समूहों की महिलाएं स्वतंत्रता दिवस के लिए दिन—रात तिरंगा झण्डा बनाने में जुटी हुई है। चार समूहों की करीब बीस महिलाएं अब तक छह हजार से अधिक तिरंगे तैयार कर चुकी हैं। इससे इन समूहों को करीब दो लाख रूपये की आमदनी हुई है। स्व—सहायता समूह की सदस्य सरिता साहू ने बताया कि उन्हें तिरंगा बनाने में गर्व की अनुभूति हो रही है।

इस पहल से ये महिलाएं न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं, बल्कि अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रेम की भावना को भी विकसित कर रही हैं।

स्वतंत्रता दिवस—मुख्य अतिथि

आगामी पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बस्तर, उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर और विजय शर्मा दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

इसी तरह, मंत्री रामविचार नेताम सरगुजा, दयालदास बघेल गरियाबंद, केदार कश्यप बालोद, लखन लाल देवांगन कोरबा, श्याम बिहारी जायसवाल जशपुर, ओ.पी. चौधरी रायगढ़, लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर और टंकराम राम वर्मा जांजगीर—चांपा में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य जिलों में सांसद और विधायक ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

आज राजधानी रायपुर में पंद्रह अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह के लिए अंतिम रिहर्सल की गई।

दिव्य धुन—वाद्य यंत्र प्रशिक्षण

इस बार स्वतंत्रता दिवस पर रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले मुख्य समारोह में राजधानी के कला केन्द्र के दिव्यांग बच्चे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन बच्चों को जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट "दिव्य धुन" के अंतर्गत गायन के साथ ही तबला, गिटार, ढोलक, हारमोनियम जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य केवल संगीत सिखाना नहीं, बल्कि दिव्यांग बच्चों को एक मंच देना है, जहां वे आत्मविश्वास के साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें।

ये दिव्यांग बच्चे स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी प्रस्तुति के लिए इन दिनों जी—जान से रिहर्सल कर रहे हैं।

वक्फ बोर्ड—निर्देश

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने प्रदेश के मुतवल्लियों को जारी पत्र में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह किया है। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि तिरंगा हमारा मान, सम्मान और अभिमान का प्रतीक है।

खिलेश्वरी देवांगन—स्वतंत्रता दिवस

नई दिल्ली में इस वर्ष आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के गुंडरदेही विकासखंड में स्थित गब्दी गांव की लखपति दीदी खिलेश्वरी देवांगन भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। खिलेश्वरी देवांगन ने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कभी घर तक सीमित रहने वाली खिलेश्वरी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और बिहान योजना से आज ''लखपति दीदी'' के रूप में पहचान बना चुकी है और क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरी हैं।

राष्ट्रपति भवन कार्यक्रम—अस्मी खरे

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले आयोजन में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के जिन विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया गया है, उनमें

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई की अस्मी खरे भी शामिल हैं। अस्मी खरे इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने दिसंबर दो हजार चौबीस में अपनी टीम – कोडिंग विजार्ड के साथ एनआईटी श्रीनगर में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में जीत हासिल की थी।

राष्ट्रपति भवन से मिले आमंत्रण से अस्मी के साथ ही उनके परिजन गर्व और खुशी का अनुभव कर रहे हैं।

भाजपा—प्रदेश पदाधिकारी नियुक्ति

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के लिए पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। राज्य के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज पदाधिकारियों की सूची जारी की।

इसके अनुसार जगन्नाथ पाणिग्रही, रामजी भारती, रूपकुमारी चौधरी और रंजना साहू सहित आठ उपाध्यक्ष और तीन महामंत्री बनाए गए हैं। पार्टी ने यशवंत जैन, अखिलेश सोनी और नवीन मारकंडे को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। इसके अलावा पार्टी ने अपने संगठन में आठ मंत्री भी नियुक्ति किए हैं।

आज जारी सूची के अनुसार राम गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अशोक बजाज कार्यालय मंत्री होंगे। वहीं, सांसद संतोष पांडे को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

पार्टी ने संगठन के विभिन्न मोर्चों के लिए भी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की है। राहुल टिकरिहा को युवा मोर्चा, विभा अवस्थी को महिला मोर्चा, अशोक साहू को ओबीसी मोर्चा, आलोक सिंह ठाकुर को किसान मोर्चा, सनम जांगड़े को अनुसूचित जाति मोर्चा, सत्यनारायण सिंह को अनुसूचित जनजाति मोर्चा और मखमूर इकबाल खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

संक्षिप्त समाचार

- राज्यपाल रमेन डेका ने वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ को एंबुलेंस के लिए सात लाख तिरसठ हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। इससे सुदूर वनांचल के मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

- केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा दुर्ग में 'भारतीय स्वतंत्रता की वीरगाथा और विभाजन विभीषिका' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज रंगोली, क्विज, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा रायपुर में राज्य स्तरीय अन्न–खरीद सुधार कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- बच्चों को प्रकृति से जोड़ने, पर्यावरणीय जिम्मेदारी का बोध कराने और वन विभाग की योजनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से बलौदाबाजार वनमंडल के अर्जुनी वन परिक्षेत्र में जल–जंगल–यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सोनाखान स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- प्रदेश के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए रिक्त सीटों पर आज से फिर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी सोलह अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।